झारखण्ड विधान सभा

तारांकित प्रश्नों की सूची

चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा
पंचदश (बजट) सत्र
वर्ग–05

निम्नलिखित तारांकित प्रश्न, शुक्रवार, दिनांक– 19 माघ, 1940 (श0) / 08 फरवरी, 2019 (ई0) को झारखण्ड विधान–सभा के आदेश–पत्र पर अंकित रहेंगे :–

क्र0सं0	विभाग को भेजी गई सां0 सं0	सदस्यों का नाम	संक्षिप्त विषय	संबंधित विभाग	विभागों को भेजी गई तिथि
01.	02.	03.	04.	05.	06.
658.	स–21	डॉ0 इरफान अंसारी	स्वास्थ्य बीमा का लाभ	स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण	14.01.19
659.	रा–35	श्री चम्पाई सोरेन	रैयतों की जमीन वापस कराना	राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार	01.02.19
660.	रा–10	श्री ढुलू महतो	पुराने पर्चा से रसीद कटाना	राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार	14.01.19
*661.	रा–20	श्रीमती गीता कोड़ा	राजस्व ग्राम का दर्चा	राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार	20.01.19
662.	स–22	श्रीमती गीता कोड़ा	स्वास्थ्य सेवा बहाल करना	स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण	16.01.19
#663.	स–38	श्रीमती विमला प्रधान	वास्तविक व्यय की प्रतिपूर्ति	स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण	20.01.19
664.	रा–31	श्रीमती विमला प्रधान	कर्मचारी/पदाधिकारी पर कार्रवाई	राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार	25.01.19

*ज्ञापांक-429(2) दि0-31.01.19 द्वारा राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग से वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में स्थानांतरित।

#ज्ञापांक-36(13) दि0-23.01.19 द्वारा स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग से स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग में स्थानांतरित।

01.	02.	03.	04.	05.	06.
665.	स-36	श्री राम कुमार पाहन	चाहरदीवारी एवं बिजली व्यवस्था।	स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण	20.01.19
666.	रा-26	श्री मनोज कुमार यादव	जमीन का मालीकाना पर्चा दिलाना।	राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार	23.01.19
667.	रा-34	श्री अमित कुमार मंडल	भूमिहीनों को वासगीत पर्चा दिलाना।	राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार	01.02.19
668.	स-55	श्री मनोज कुमार यादव	चिकित्सक एवं ANM की पदस्थापना।	स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण	23.01.19
669.	स-47	श्री जयप्रकाश सिंह भोगता	अस्पताल भवन का निर्माण	स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण	20.01.19
670.	स-43	श्री सुखदेव भगत	डॉक्टरों की कमी दूर करना।	स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण	20.01.19
671.	का-21	श्री बादल	क्षेत्रीय कार्यालय में स्थानांतरण।	राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार	01.02.19
672.	रा-32	श्री कुशवाहा शिवपुजन मेहता	जमीन संबंधी त्रुटि को दूर करना।	राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार	29.01.19
673.	स-67	श्री जानकी प्रसाद यादव	अधूरे कार्य का पूर्ण करना।	स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण	29.01.19
674.	श्रनि-02	श्रीमती गंगोत्री कुजूर	कॉलेज चालू कराना।	श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण	11.01.19
675.	स-46	श्री निरल पूरती	स्वास्थ्य केन्द्र भवन पूर्ण कराना।	स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण	20.01.19
676.	रा-33	श्री अमित कुमार मंडल	जमीन को बिक्री योग्य बनाना।	राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार	01.02.19
677.	रा-02	श्रीमती गंगोत्री कुजूर	मुआवजा भुगतान।	राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार	11.01.19
678.	श्रनि-13	श्री कुशवाहा शिवपुजन मेहता	बच्चों को प्रशिक्षण।	श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण	29.01.19
679.	स-48	श्री जयप्रकाश सिंह भोगता	आवासीय भवन बनाना।	स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण	20.01.19
680.	स-26	श्रीमती जोबा मांझी	स्वास्थ्य केन्द्र का स्थानांतरण	स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण	16.01.19
681.	स-59	श्रीमती सीमा देवी	शिक्षण कार्य प्रारम्भ कराना।	स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण	23.01.19

(कृ0पृ030)

158

डॉ0 इरफान अंसारी, स0 वि0 स0 द्वारा दिनांक 8.02.19 को पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न संख्या स0–21 का उत्तर सामग्री।

क्र0सं0	प्रश्न	उत्तर
1.	क्या यह बात सही है कि झारखण्ड राज्य में गरीब एवं उपेक्षित परिवारों का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयुष्मान भारत योजना को 25 सितम्बर, 2018 से कियान्वित किया गया है ;	स्वीकारात्मक। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत योजना) का देशभर में दिनांक–23 सितम्बर, 2018 से लागू है।
2.	क्या यह बात सही है कि जामताड़ा जिले में मरीजों को उक्त योजना का सम्पूर्ण लाभ नहीं मिल पाने से आये दिन मरीजों की जान जा रही है ;	अस्वीकारात्मक। –जामताड़ा जिला अंतर्गत उक्त योजना का पूर्ण लाभ मरीजों को दिया जा रहा है। –जामताड़ा जिला अंतर्गत कुल 05 सरकारी एवं 03 निजी अस्पतालों को सूचीबद्व किया गया है। –जामताड़ा जिले में कुल–589 मरीज अस्पताल में भर्ती हुए, जिसमें 557 मरीजों का Claim Submit किया गया। इसमें 343 Claim की राशि कुल–3,70,700(तीन लाख सतर हजार सात सौ) रूपये का भुगतान बीमा कम्पनी द्वारा किया गया है।
3.	यदि उपुर्यक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त योजना के कियान्वयन को सुगम बनानें हेतु आवश्यक निर्णय के साथ–साथ ये बतायेगी कि आयुष्मान भारत योजना अन्तर्गत झारखण्ड राज्य में कुल कितने सरकारी व निजी अस्पतालों को सुचीबद्व किया गया है तथा आयुष्मान भारत योजना अन्तर्गत 05 जनवरी, 2019 तक कुल कितने रोगियों को निबंधित किया गया तथा बीमा कम्पनियों के द्वारा कितनी दावित राशि का भुगतान किया गया ?	–आयुष्मान भारत योजना अन्तर्गत अब तक झारखण्ड राज्य में 218 सरकारी अस्पताल व 367 निजी अस्पताल कुल–585 अस्पतालों को सूचीबद्व किया गया है। –आयुष्मान भारत योजना अन्तर्गत 21 जनवरी 2019 तक कुल–12,18,968(बारह लाख अठारह हजार नौ सौ अरसठ) लाभुकों को निबंधित कर गोल्डेन कार्ड दिया गया है। –इस योजना के अंतर्गत 21 जनवरी 2019 तक 38,473 मरीज अस्पताल में भर्ती हुए, इसमें 33,802 मरीजों का Claim किया गया एवं 22,158 Claim Submit की राशि कुल–20,10,95,325(बीरा करोड़ दस लाख पनचान्वे हजाार तीन सौ पचीस) रूपये दावे की राशि का भुगतान बीमा कम्पनियों के द्वारा किया गया है।

झारखण्ड सरकार

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग

ज्ञाप सं0– 13/वि0 स0–07–02/2019 42 (13) राँची, दिनांक: 24-1-19

प्रतिलिपिः अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा, झारखण्ड, राँची को उनके ज्ञापाक सं0–218/वि0स0 दिनांक 14.01.19 के क्रम में उतर सामग्री की 200 प्रतियों में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः संयुक्त सचिव, प्रभारी प्रशाखा–17 को सूचनार्थ प्रेषित।

23/1/2019

सरकार के उप सचिव।

(659)

श्री चम्पाई सोरेन, मा०स०वि०स० द्वारा दिनांक–08.02.2019 को पूछा जानेवाला तारांकित प्रश्न संख्या–रा०–35 का प्रश्नोत्तर।

क्र०	प्रश्न श्री चम्पाई सोरेन, मा०स०वि०स०		उत्तर माननीय मंत्री, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड, राँची।
1	क्या यह बात सही है कि सरायकेला–खरसावाँ जिलान्तर्गत आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र के ग्राम आंसगी ओला वर्गीडीह एवं कृष्णापुर के कुल 47.57 एकड़ में से 36.13 एकड़ भूमि संबंध रैयतों को डीड ऑफ रिन्वेयेन्स के द्वारा वापस करने का आदेश 2017 में ही दिया गया था ;		मौजा–कृष्णापुर (132) एवं आंसगी के कुल 47.57 एकड़ में से 36.13 एकड़ रैयती भूमि को डीड ऑफ रिकन्वेयेन्स द्वारा मुआवजा की राशि की अदायगी के शर्त पर सम्बद्ध रैयतों अथवा उनके वास्तविक उत्तराधिकारी/ वारिसान को भूमि वापस करने का निदेश है।
2	क्या यह बात सही है कि खण्ड–01 में वर्णित भूमि रैयतों को वापस करने हेतु सचिव, राजस्व, निबंधन भूमि सुधार विभाग द्वारा पत्रांक–10/डी.एल.ए.वि. आश्वा. –56/2011–210 (8)/नि.रा. राँची, दिनांक–14.03.2017 द्वारा प्रबंध निदेशक, आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार को आदेश दिया गया था ;		स्वीकारात्मक।
3	क्या यह बात सही है कि खण्ड–I एवं II में वर्णित तथ्यों के आलोक में प्रबंध निदेशक, आयडा, आदित्यपुर द्वारा अभी तक विभागीय पत्र सं०–86/राँची, दिनांक–26.03.15 का भी अनुपालन नहीं किया गया है ;		इस संबंध में प्रबंध निदेशक के द्वारा एक कमिटी का गठन किया गया जिससे इस मामले का निराकरण किया जा सके। कमिटि द्वारा कृष्णापुर एवं आसंगी मौजा में समय–समय पर सम्बद्ध रैयतों से वंशावली की मांग की गई जिससे वारिसान का सत्यापन किया जा सके, तत्पशचात कृष्णापुर एवं आसंगी मौजा के वारिसान द्वारा वंशावली संबंधी कागजात दिये गये जिसका सत्यापन अंचल कार्यालय के सहयोग से कैम्प लगाकर कर लिया गया है। अतः उपरोक्त वर्णित भूमि वापस करने का कार्य प्रक्रियाधीन है।
4	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार तत्कालीन राजस्व सचिव द्वारा प्रबंध निदेशक, आयडा, आदित्यपुर द्वारा रैयतों की जमीन वापस करने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?		प्रबंध निदेशक, आयडा के द्वारा रैयतदारों की भूमि वापस करने की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

झारखण्ड सरकार

राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग।

ज्ञापांक–08 बी० /भू० अ०नि०, वि०स० (तारांकित)–32/2019.....125...../नि०रा०, राँची, दिनांक–07.02.19

प्रतिलिपिः– अवर सचिव, झारखण्ड विधानसभा को उनके ज्ञापांक–1077/वि०स०, दिनांक–01.02.2019 के प्रसंग में उत्तर की 200 (दो सौ) प्रतियों के साथ/ अपर मुख्य सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, झारखण्ड, राँची/ प्रधान सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय एवं विभागीय मंत्री के आप्त सचिव एवं विभागीय प्रशाखा–12 (समन्वय) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

7/2/19

सरकार के अवर सचिव।

(660)

श्री ढुलू महतो, मा०स०वि०स० द्वारा दिनांक–08.02.2019 को पूछा जानेवाला तारांकित प्रश्न संख्या–रा०–10 का प्रश्नोत्तर।

क्र०	प्रश्न श्री ढुलू महतो, मा०स०वि०स०		उत्तर माननीय मंत्री, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड, राँची।
1	क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा नए सर्वे के बाद नया पर्चा उपलब्ध कराया गया है ;		स्वीकारात्मक।
2	क्या यह बात सही है कि नए पर्चा के आधार पर रसीद काटने का भी निर्देश जारी किया गया है ;		स्वीकारात्मक।
3	क्या यह बात सही है कि नए पर्चो में भारी त्रुटियां पाई गई है, जिससे रसीद काटने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ;		आंशिक स्वीकारात्मक।
4	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार नये पर्चा में हुई त्रुटियों को सुधार करने एवं सुधार होने तक पुराने पर्चा से रसीद काटने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?		पुराने पर्चे अवक्रमित हो चुके है। नये पर्चे के आधार पर ऑनलाईन डिजिटाईजेशन में सुधार हेतु विभागीय पत्रांक–602/नि.रा., दिनांक–06.11.2018 के द्वारा 365 दिन ऑनलाईन पोर्टल में सुधार का विकल्प निर्गत है।

झारखण्ड सरकार
राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग।

ज्ञापांक–02 /भू०अ०प०नि० वि०स० (तारांकित)–01/2019–75/G राँची, दिनांक– 28-01-19

प्रतिलिपिः–अवर सचिव, झारखण्ड विधानसभा को उनके ज्ञापांक–221/वि०स०, दिनांक–14.01.2019 के प्रसंग में उत्तर की 200 (दो सौ) प्रतियों के साथ/ अपर मुख्य सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, झारखण्ड, राँची/ प्रधान सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय एवं विभागीय मंत्री के आप्त सचिव एवं विभागीय प्रशाखा–12 (समन्वय) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/1/19

सरकार के अवर सचिव।

661

श्रीमती गीता कोड़ा, माननीय स0वि0स0 द्वारा दिनांक–08.02.2019 को पूछे जानेवाले तारांकित प्रश्न संख्या–रा–20 का उत्तर सामग्री :–

प्रश्न	उत्तर
(1) क्या यह बात सही है कि सारंडा के बीहड़ में बसे 20 गाँवों को राजस्व ग्राम का दर्जा देने का निर्णय सरकार द्वारा लिये जाने के बाद भी इस मामले में कोई सकारात्मक पहल अबतक नहीं किया गया है ;	अस्वीकारात्मक।
(2) क्या यह बात सही है कि खण्ड–1 में वर्णित गाँवों में विकास योजनाएँ धरातल पर उतारने हेतु राजस्व ग्राम का दर्जा जरूरी है ;	सारण्डा वन क्षेत्र में वर्त्तमान राजस्व एवं वन ग्रामों के अतिरिक्त वनभूमि अतिक्रमण कर कतिपय मकान/खेती की गई है, जिनपर वन अधिनियम के तहत् कानूनी कार्रवाई की गई। राज्य सरकार द्वारा अतिक्रमित क्षेत्रों को राजस्व ग्राम के रूप में घोषित करने का कोई विचार नहीं है।
(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खण्ड–1 एवं 2 में वर्णित विषय के आलोक में 20 गाँवों को राजस्व ग्राम का दर्जा देने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	

झारखण्ड सरकार
वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

ज्ञापांक–05/विधानसभा तारांकित प्रश्न–40/2019–626 व0प0, राँची, दिनांक– 07/02/2019

प्रतिलिपि–अवर सचिव, झारखण्ड विधानसभा, रांची को उनके ज्ञाप सं0–656 दिनांक– 20.01.2019 के प्रसंग में अतिरिक्त 200 प्रतियों के साथ/उप सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी (संसदीय कार्य) विभाग, झारखण्ड, रांची/माननीय मुख्यमंत्री के आप्त सचिव, झारखण्ड सरकार/मुख्य सचिव के सचिव, झारखण्ड सरकार, रांची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

7/2/19
(सुनील कुमार)
विशेष कार्य पदाधिकारी

662

श्रीमती गीता कोड़ा, मा0 स0 वि0 स0 द्वारा दिनांक 08.02.2019 को सदन में पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न सं0–स0–22 से संबंधित उत्तर प्रतिवेदन

प्रश्न	उत्तर
क्या मंत्री, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :– 1. क्या यह बात सही है कि प0 सिंहभूम जिलान्तर्गत नोवामुन्डी प्रखण्डाधीन दूधबिला पंचायत के खास बहदा गाँव में बना स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन दो साल से उदघाटन की बाट जो रहा है तथा भवन में झड़िया उग गयी है एवं बड़ा जामदा CHC में दर्जनभर केन्द्र भवन विहिन है इसी तरह कोटगढ़ के भोजसाई में CHC भवन करीब पाँच वर्षो से अधूरा है;	आंशिक स्वीकारात्मक।
2. क्या यह बात सही है कि खण्ड–1 में वर्णित विषय के आलोक में ग्रामीणों की बड़ी आबादी को स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित होना पड़ रहा है;	अस्वीकारात्मक।
3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खण्ड–01 एवं 2 में वर्णित विषय के आलोक में आवश्यक कार्रवाई करते हुए बेहतर स्वास्थ्य सेवायें बहाल करने तथा दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	वस्तुस्थिति यह है कि नोवामुंडी प्रखण्ड के बड़ा जामदा पंचायत के रूतागुटू गाँव में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का नया भवन बना है। उक्त नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन से ही उक्त क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाऐं उपलब्ध करायी जा रही है। वित्तीय वर्ष 2019–20 में भूमि तथा बजट उपलब्धता के आधार पर बड़ाजामदा प्रखण्ड के 14 (चौदह) स्वास्थ्य उपकेन्द्रों के भवन निर्माण की स्वीकृति की कार्रवाई की जाएगी।

झारखण्ड सरकार
स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग।

ज्ञापांक–6/पी0वि0स0 (ता0)– 09/2019–219 स्वा0, राँची, दिनांकः 06.02.19

प्रतिलिपिः अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा, राँची को उनके ज्ञाप सं0 प्र0– 390/वि0स0, दिनांक– 16.01.2019 के क्रम में 200 (दो सौ) अतिरिक्त प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

06/2/19
सरकार के अवर सचिव।

(663)

झारखण्ड सरकार

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग

श्रीमती विमला प्रधान, स.वि.स. से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या स.-38

क्रमांक	प्रश्न	उत्तर
	क्या मंत्री स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः -	**डॉ. नीरा यादव, माननीय मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार**
1.	क्या यह बात सही है कि सरकार के पदाधिकारी/कर्मचारियों के चिकित्सा हेतु परिपत्र संख्या–354 (10) दिनांक 15.09.2006 के आलोक में कैंसर, यक्ष्मा, कुष्ट रोग आदि की चिकित्सा व्यय में वास्तविक खर्च की प्रतिपूर्ति की जाती है;	वस्तुस्थिति यह है कि स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, झारखण्ड के परिपत्र संख्या–354 (10) दिनांक 15.09.2006 के कंडिका–6 के आलोक में पूर्वानुमति के मामले में कैंसर, यक्ष्मा, कुष्ट रोग आदि की चिकित्सा व्यय में वास्तविक खर्च की प्रतिपूर्ति की जाती है। उक्त परिपत्र की कंडिका-2, 3 एवं 11 के आलोक में निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएँ, झारखण्ड, राँची के द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित विपत्रों की राशि की प्रतिपूर्ति की जाती है।
2.	क्या यह बात सही है कि परिपत्र में टाटा मेमो. हॉस्पीटल, मुंबई भी अंकित है और कैंसर के इलाज कराने पर उसकी वास्तविक व्यय की प्रतिपूर्ति मान्य है;	वस्तुस्थिति यह है कि टाटा मेमो. हॉस्पीटल, मुंबई उक्त परिपत्र के कंडिका-2 में अंकित है तथा पूर्वानुमति के मामले में वास्तविक खर्च की प्रतिपूर्ति परिपत्र संख्या–354 (10) दिनांक 15.09.2006 के कंडिका–11 के आधार पर की जाती है।
3.	क्या यह बात सही है कि श्री मन्द्रशेखर प्रसाद, सहायक शिक्षक, उ.म. विद्यालय कमलडीह, चास 01 की पत्नी का इलाज टी. एम.एच. मुंबई में हुई है और इनके चिकित्सा में व्यय की वास्तविक खर्च का भुगतान नहीं किया गया है;	अस्वीकारात्मक। वस्तुस्थिति यह है कि उक्त परिपत्र के आलोक में स्वीकृत्यादेश संख्या-456, दिनांक 20.02.2018 के द्वारा रुपये 120000/- (एक लाख बीस हजार) मात्र तथा स्वीकृत्यादेश संख्या-1013, दिनांक 20.06.2018 के द्वारा रुपये 66573/- (छियासठ हजार पाँच सौ तिहत्तर) मात्र का भुगतान किया गया है। स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, झारखण्ड के परिपत्र संख्या-354 :10द्ध दिनांक 15.09.2006 के कंडिका-11 के अनुसार राज्य मेडिकल बोर्ड के एक अनुशंसा के पश्चात तीन बार तक चिकित्सा/चेकअप की स्वीकृति प्रदान की जाती है। श्री प्रसाद के द्वारा चिकित्सा पर्षद के स्वीकृति के बगैर सात

Khurshid

		चेक अप के राशि का दावा एक बार में ही किया गया है. इस संबंध में प्रस्ताव प्रक्रियाधीन है। इस पर स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा परिवार कल्याण विभाग के अधीन मेडिकल बोर्ड की सहमति एवं विपत्र पर हस्ताक्षर प्राप्त होते ही भुगतान कर दिया जायेगा।
4.	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार श्री मन्द्रशेखर प्रसाद की पत्नी को चिकित्सा में व्यय हुए वास्तविक व्यय की प्रतिपूर्ति करना चाहती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	इस खण्ड का उत्तर उपरोक्त खण्डों में निहित है।

अकुशिह
04/02/19
सरकार के अवर सचिव

झारखण्ड सरकार
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग

ज्ञापांक 15/वि.स.-22/19 — 240 / राँची, दिनांक 04.02. 2019

प्रतिलिपिः अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा सचिवालय को उनके ज्ञापांक 644, दिनांक 20.01.2019 के प्रसंग में वांछित प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अकुशिह
4/2/19
सरकार के अवर सचिव

(664)

श्रीमती विमला प्रधान, मा०स०वि०स० द्वारा दिनांक–08.02.2019 को पूछा जानेवाला तारांकित प्रश्न संख्या–रा०–31 का प्रश्नोत्तर।

क्र०	प्रश्न श्रीमती विमला प्रधान, मा०स०वि०स०	उत्तर माननीय मंत्री, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड, राँची।
1	क्या यह बात सही है कि राज्य में ऑनलाईन दाखिल–खारिज का कार्य एक महत्वकांक्षी कार्यक्रम है और आम जनता की सुविधा हेतु ऑनलाईन लागू किया गया है ;	स्वीकारात्मक।
2	क्या यह बात सही है कि बिना किसी कारण के आवेदनों को रद्द कर दिया जा रहा है जैसे :– (क) ग्राम पाण्डेयडीह अंचल जमुआ, जिला–गिरिडीह, खाता–46, प्लॉट–483 एवं 486 जो अर्जुन मोदी के नाम से दर्ज है, 2015–16 तक मेनुअल रसीद कटा हुआ है परन्तु ऑनलाईन रिकार्ड हेतु कई आवेदन के बाद भी कार्रवाई नहीं कि गई। (ख) ग्राम–हुटू, ओरमांझी, जिला–राँची Case No.-851/2018-19, 852, 853, 854/2018-19 खाता नं०–159, प्लॉट नं०–234 सुमित्रा देवी, कुमारी मीरा प्रसाद, अनीता कुमारी, मधुमाला। (ग) ग्राम–कोल्हयाकनाद अंचल–कांके, जिला–राँची के खाता नं०–16, प्लॉट नं०–130, Case No.-3717/2016-17 को निराधार कारण से रिजेक्ट कर दिया गया, जिसके कारण आम जनता को परेशानी एवं सरकार की बदनामी हो रही है;	अस्वीकारात्मक। (क) ग्राम–पाण्डेयडीह, अंचल जमुआ, जिला–गिरिडीह खाता नं०–46, प्लॉट–483 एवं 486 एवं अन्य प्लॉट कुल रकबा–15.56 एकड़ जमीन रैयती खाते की है। सर्वे खतियान सितो मोदी के नाम से है। उक्त जमीन मे पंजी–II भोलुम– II पृष्ठ संख्या–182 में कारू मोदी वगैरह एवं इसी पृष्ठ पर अर्जून मोदी का नाम से दोहरी जमाबंदी कायम है। अतः जमाबंदी अलग करने हेतु उभय पक्षों को अंचल अधिकारी, जमुआ द्वारा नोटिस निर्गत की गई है। सुनवाई के उपरान्त अंचल अधिकारी, जमुआ द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। (ख) ऑनलाईन नामांतरण आवेदन में अंकित प्लॉट संख्या पंजी–II एवं बिक्री दस्तावेज में अंकित प्लॉट से भिन्न होने के कारण ऑनलाईन नामांतरण प्रक्रिया में तकनिकी त्रुटि परिलक्षित हुई, जिसके कारण नामांतरण आवेदन को खारिज किया गया है। उल्लेखनीय है कि पंजी–II में प्लॉट संख्या–234/09, 234/10, 234/11, 234/12 अंकित है जबकि नामांतरण आवेदन में केवल 234 अंकित की गई थी। प्लॉट संख्या में भिन्नता के कारण सही प्लॉट संख्या स्पष्ट नहीं हो पा रहा था। आवेदक के द्वारा पुनः सही प्लॉट संख्या को स्पष्ट करते हुए आवेदन दिनांक–02.02.2019 को दी गयी है। इस संदर्भ में नामांतरण स्वीकृति हेतु उचित कार्रवाई करते हुए निष्पादन कर दिया जायेगा। (ग) प्रश्नगत नामांतरण वाद संख्या–3717/16–17 को राजस्व उपनिरीक्षक एवं अंचल निरीक्षक के प्रतिवेदनानुसार विक्रेता के नाम से जमाबंदी नही होने के कारण अस्वीकृत किया गया है। पंजी–II में आवश्यक सुधार कर लिया गया है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि के नामांतरण हेतु पुनः नामांतरण वाद संख्या–5054/18–19 दिनांक–20.01.2019 को दायर किया गया है जो अभी प्रक्रियाधीन है। यथाशीध्र इसका निष्पादन कर दिया जायेगा।

3	क्या यह बात सही है कि ऑनलाईन आवेदनों पर अंचल के कर्मचारी एवं पदाधिकारी के कारण के कारण आवेदनों का निष्पादन सही ढंग से नहीं किया जा रहा है जिसके कारण आम जनता को परेशानी एवं सरकार की बदनामी हो रही है ;		आंशिक स्वीकारात्मक। दाखिल–खारिज की सभी प्रक्रिया ऑनलाईन है। प्राप्त ऑनलाईन आवेदन का निष्पादन पारदर्शी तरीके से ससमय किया जा रहा है। त्रुटि निराकरण हेतु विभागीय पत्रांक–602/नि. रा., दिनांक–06.11.2018 के द्वारा वर्ष के सभी 365 दिन पोर्टल खोलने हेतु राज्य NIC, धुर्वा, राँची को निदेश दिया गया है। विभागीय पत्रांक–4410, दिनांक–29.10.2018 द्वारा कुल 649 नये राजस्व कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। जिससे की सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा एवं कार्य और भी पारदर्शी तरीके से त्वरित गति से निष्पादित होगा।
4	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार दोषी कर्मचारी/पदाधिकारी पर कार्रवाई करना चाहती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?		उपर्युक्त कंडिका में स्थिति स्पष्ट कर दी गई है।

झारखण्ड सरकार

राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग।

ज्ञापांक–01 /निदे० अभि०, (वि०स०) तारां०–08/2019-106/राँची, दिनांक–07-02-19

प्रतिलिपिः–अवर सचिव, झारखण्ड विधानसभा को उनके ज्ञापांक–925/वि०स०, दिनांक–25.01.2019 के प्रसंग में उत्तर की 200 (दो सौ) प्रतियों के साथ/ अपर मुख्य सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, झारखण्ड, राँची/ प्रधान सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय एवं विभागीय मंत्री के आप्त सचिव एवं विभागीय प्रशाखा–12 (समन्वय) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

07/02/19

सरकार के उप सचिव।

(665)

श्री राम कुमार पाहन, माननीय सदस्य, झारखण्ड विधान सभा द्वारा दिनांक–08.02.19 को पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न संख्या– स– 36 का उत्तर प्रतिवेदन।

क्रं०	प्रश्न	उत्तर
1-	क्या यह बात सही है, कि रांची जिला अन्तर्गत अनगड़ा प्रखण्ड के ग्राम हेसल स्थित नये उप स्वास्थ्य केन्द्र की सुरक्षा हेतु चाहरदिवारी एवं बिजली व्यवस्था नहीं होने के कारण शरारती तत्व के लोगों एवं मवेशियों द्वारा उक्त केन्द्र को काफी नुकसान पहुँचा रहे हैं ;	स्वीकारात्मक। अनगड़ा प्रखण्ड के ग्राम हेसल स्थित नये उप स्वास्थ्य केन्द्र की चाहरदिवारी का प्रावधान प्राक्कलन में नहीं था। भवन की खिडकी के शीशे टूटें है जिसे ठीक करा लिया जायेगा।
2-	यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य उपकेन्द्र में चाहरदिवारी निर्माण एवं बिजली व्यवस्था यथाशीघ्र कराने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक नही तो क्यों ?	ग्राम हेसल स्थित नये उप स्वास्थ्य केन्द्र Health & Welness Centre में उत्क्रमित के लिए प्रस्तावित है, तदनुसार चाहरदिवारी निर्माण कराया जायेगा।

झारखंड सरकार
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग

ज्ञाप सं० : 15/वि०स०–07-04/19 105(15) राँची, दिनांक– 6/2/2019
प्रतिलिपि : अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा, झारखण्ड, राँची को उनके ज्ञाप संख्या प्र०– 642 दिनांक– 20-01-19 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

06.2.19
सरकार के उप सचिव

Tiwari

(666)

श्री मनोज कुमार यादव, मा०स०वि०स० द्वारा दिनांक–08.02.2019 को पूछा जानेवाला तारांकित प्रश्न संख्या–रा०–26 का प्रश्नोत्तर।

क्र०	प्रश्न श्री मनोज कुमार यादव, मा०स०वि०स०	उत्तर माननीय मंत्री, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड, राँची।
1	क्या यह बात सही है कि हजारीबाग जिला के बरही एवं चौपारण प्रखण्ड के ग्रामीणों को डी.भी.सी. द्वारा निर्मित तिलैया डैम के विस्थापितों को बरही प्रखण्ड के पंचमाधव, कोलंगा, रालों, खोड़ाआहार गांवों के ग्रामीणों को डी.भी.सी. द्वारा जमीन देकर बसाया है ;	स्वीकारात्मक।
2	क्या यह बात सही है कि नियमानुसार भू–राजस्व विभाग द्वारा अभीतक जमीन का मालिकाना पर्चा निर्गत नहीं किया गया है ;	विभागीय संकल्प संख्या–820, दिनांक–18.11.2016 द्वारा भू–अर्जन से प्रभावित/विस्थापित परिवारों को पुर्नस्थापित वासस्थल एवं आवंटित भूमि का स्वामित्व प्रदान करने के संबंध में नीति निर्धारित किया गया है। बरही अंचल अंतर्गत विस्थापितों को कुल 38 प्लॉटों का मालिकाना पर्चा (शुद्धि पत्र) निर्गत किया गया है। चौपारण अंचल में भी मालिकाना पर्चा निर्गत करने की कार्रवाई की जा रही है। DVC परियोजना के लिए सरकार द्वारा 1950–60 के दशक में भूमि हस्तांतरित किया गया तथा DVC द्वारा रैयतों के पुर्नवास एवं पुर्नस्थापन के तहत् बसाया गया, उक्त समय के मामला लंबित पड़ा है। अतएव जाँचोपरांत रैयतों को मालिकाना पर्चा (शुद्धि पत्र) निर्गत करने की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।
3	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खण्ड–01 में वर्णित ग्रामीणों को जमीन का मालिकाना पर्चा देने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	उपर्युक्त कंडिका में स्थिति स्पष्ट की गयी है।

झारखण्ड सरकार

राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग।

ज्ञापांक–08 बी० /भू० अ०नि०, वि०स० (तारांकित)–25/2019 123/रा० राँची, दिनांक– 07-02-19

प्रतिलिपिः–अवर सचिव, झारखण्ड विधानसभा को उनके ज्ञापांक–838/वि०स०, दिनांक–23.01.2019 के प्रसंग में उत्तर की 200 (दो सौ) प्रतियों के साथ/ अपर मुख्य सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, झारखण्ड, राँची/ प्रधान सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय एवं विभागीय मंत्री के आप्त सचिव एवं विभागीय प्रशाखा–12 (समन्वय) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

07/02/19

सरकार के अवर सचिव।

667

श्री अमित कुमार मंडल, माननीय स0वि0स0 द्वारा दिनांक–08.02.2019 को पूछा जानेवाले तारांकित प्रश्न संख्या–रा0–34 का उत्तर प्रतिवेदनः–

क्र0	प्रश्न		उत्तर
	श्री अमित कुमार मंडल, माननीय स0वि0स0		माननीय मंत्री, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड, राँची
1.	क्या यह बात सही है कि गोड्डा जिलान्तर्गत प्रखण्ड गोड्डा के गोड्डा नगर परिषद् क्षेत्र के लोहिया नगर कदरसी टोला, भतडीहा, गोड्डा के जगता टोला दियरा ग्राम डोमसी टोला, ग्राम–सरौतिया के मिर्धा टोला, शिवपुर गोड्डा शिवपुर तालाब के बगल के डोमसी टोला एवं पथरगामा प्रखण्ड के ग्राम–विशाहा के लैया टोला में समाज के अनुसूचित जाति, अत्यन्त पिछड़े जाति के गरीब भूमिहीन सरकारी भूमि पर विगत् 40 वर्षों से किसी तरह घर बनाकर निवास कर रहे है;		आंशिक स्वीकारात्मक।
2.	क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार के नीति के तहत् प्रत्येक वर्ष अभियान चलाकर ऐसे भूमिहीनों की सूची बना कर निवास करने योग्य स्थान पर पर्चा निर्गत करने का प्रावधान किया गया है;		स्वीकारात्मक।
3.	क्या यह बात सही है कि खण्ड–1 में वर्णित ग्राम/टोलों के गरीब भूमिहीनों को सभी तरह के सरकारी लाभ नहीं मिल पा रहा है;		नियमानुसार सरकारी लाभ दिया जा रहा है।
4.	क्या यह बात सही है कि गोड्डा विधान–सभा क्षेत्र में चार वर्षों से ऐसे भूमिहीनों को चिन्हित करने के लिए कोई भी सर्वे नहीं किया गया है;		आर्थिक एवं सामाजिक जनगणना के तहत् भूमिहीन एवं आवास विहिनों का सर्वे किया गया है।
5.	यदि उपर्युक्त खण्डों का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खण्ड–1 में वर्णित ग्राम/टोला के भूमिहीनों को बासगीत पर्चा देने का विचार रखती है, हाँ तो, कब तक, नहीं, तो क्यों ?		विभागीय संकल्प सं0–6144/रा0, दिनांक–21.12.17 द्वारा सुयोग्य भूमिहीन व्यक्तियों को चिन्हित कर भूमि उपलब्ध कराने के संदर्भ में सुयोग्य श्रेणी की परिभाषा को विस्तारित करते हुए इसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग (सूची–1 एवं 2), वैसे सैनिक/अर्द्धसैनिक बल के सदस्य जो कर्तव्य निर्वहन के दौरान वीरगति प्राप्त/शहीद हुए हो, के उत्तराधिकारी, 1947 के विभाजन तथा उसके बाद पूर्वी पाकिस्तान एवं बर्मा से आये हुए शरणार्थी, सामान्य जाति के भूमिहीन परिवार, भूमिहीन दिव्यांग तथा कर्तव्य निर्वहन के दौरान शहीद हुए राज्य के पुलिस कर्मी को शामिल

			किया गया है। ताकि वैसे परिवारों के जीविकोपार्जन के साधन को सुदृढ़ करते हुए उन्हें राष्ट्र की मुख्यधारा में शामिल किया जा सके। सरकार के नीति के अनुरूप आवास हेतु 12.5 डि0 एवं कृषि कार्य हेतु 5.00 एकड़ तक की भूमि बंदोबस्ती करने का प्रावधान है। उक्त आलोक में विभागीय पत्र संख्या–6205, दिनांक–27.12.17 एवं पत्रांक–354, दिनांक–24.01.18 द्वारा सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/सभी उपायुक्त को अवैध/अनियमित जमाबंदी को रद्द करने के प्रसंग में सुयोग्य भूमिहीन व्यक्तियों को चिन्हित कर उन्हें भूमि उपलब्ध कराते हुए उनके नाम से कायम जमाबंदी को नियमित करने हेतु निर्धारित नीति के अनुपालन करने के संबंध में निदेशित किया गया है।

झारखण्ड सरकार
राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग

ज्ञापांकः–5/स0भू0 वि0स0 (तारां0)–28/2019.....528.....(5)/रा0 राँची, दिनांक– 07-02-19

प्रतिलिपिः–अवर सचिव, झारखण्ड विधानसभा सचिवालय को उनके ज्ञापांक–1076/वि0स0, दिनांक–01.02.19 के प्रसंग में उत्तर की 200 (दो सौ) प्रतियों के साथ/प्रधान सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, झारखण्ड, राँची/प्रधान सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, झारखण्ड, राँची/माननीय विभागीय मंत्री, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के आप्त सचिव एवं विभागीय प्रशाखा–12 (समन्वय) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के संयुक्त सचिव
7.2.19

668

श्री मनोज कुमार यादव, माननीय सदस्य, झारखण्ड विधान सभा द्वारा दिनांक–08.02.19 को पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न संख्या– स– 55 का उत्तर प्रतिवेदन।

क्रं०	प्रश्न	उत्तर
1-	क्या यह बात सही है, कि हजारीबाग जिला के चौपारण प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत करमा अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बनकर तैयार है ;	स्वीकारात्मक। हजारीबाग जिला के चौपारण प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत करमा में 02 उप स्वास्थ्य केन्द्र संचालित है। • झारखण्ड गठन के पूर्व से 01 स्वास्थ्य उपकेन्द्र संचालित है। • झारखण्ड गठन के बाद दूसरा स्वास्थ्य उपकेन्द्र का नया भवन बनकर तैयार है।
2-	क्या यह बात सही है, कि खण्ड–1 में वर्णित स्वास्थ्य केन्द्र में एक भी चिकित्सक एवं ए0एन0एम0 पूर्ण रूपेण पदस्थापित नहीं है जिस कारण मरीजों का काफी परेशानियॉ हो रही है;	आंशिक स्वीकारात्मक। झारखण्ड गठन पूर्व से संचालित 01 स्वास्थ्य उपकेन्द्र में 01 (ए0एन0एम0) श्रीमती मीना कुमारी पदस्थापित है। नया भवन में 01 ए0एन0एम0, कुमारी विमला (अनुबंध DMFT), 01 अस्पताल प्रबंधक, श्री मनीष कुमार (अनुबंध DMFT) एवं 01 प्रयोगशाला प्रावैधिक, श्री दुर्गा पासवान (अनुबंध DMFT) पदस्थापित है स्वास्थ्य उपकेन्द्र में चिकित्सक का पद स्वीकृत नहीं है।
3-	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार शीघ्र ही खण्ड–1 में वर्णित स्वास्थ्य उपकेन्द्र में चिकित्सक एवं ए0एन0एम0 का पदस्थापन का विचार रखती है, हाँ तो कब तक नही तो क्यों ?	उपर्युक्त कंडिका में स्थिति स्पष्ट कर दी गयी है।

झारखंड सरकार
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग

ज्ञाप सं० : 15/वि0स0–07-13/19 107(15) राँची, दिनांक– 6/2/2019
प्रतिलिपि : अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा, झारखण्ड, राँची को उनके ज्ञाप संख्या प्र०–834 दिनांक– 23-01-19 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

06.2.19
सरकार के उप सचिव

Tiwari

669

श्री जय प्रकाश सिंह भोगता, मा0 स0 वि0 स0 द्वारा दिनांक 08.02.2019 को सदन में पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न सं0–स0– 47 से संबंधित उत्तर प्रतिवेदन

प्रश्न		उत्तर
क्या मंत्री, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :– 1. क्या यह बात सही है कि चतरा जिला में सदर अस्पताल लम्बे समय से निर्माणाधीन है;		आंशिक स्वीकारात्मक। वस्तुस्थिति यह है कि सदर अस्पताल, चतरा का भवन निर्माण की स्वीकृति विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0 02(5)ब दि0 10.5.2008 द्वारा कुल 4,99,82,000/– की लागत पर योजना की स्वीकृति दी गई थी। निर्माण कार्य के दौरान संवेदक द्वारा गुणवत्तापूर्ण एवं समय पर कार्य नहीं कर मनमाने ढंग से कार्य कराए जाने के कारण विभागीय निदेश के आलोक में तत्कालीन मुख्य अभियंता/कार्यपालक अभियंता, स्वास्थ्य विभाग द्वारा संवेदक के विरूद्व नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उसका एकरारनामा विखंडित कर दिया गया था उसके अग्रधन राशि एवं जमानत राशि की राशि जब्त कर ली गई । उक्त योजना का निर्माण कार्य पूर्ण कराने हेतु विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0 170(6)ब दिनांक 11.01.2017 के द्वारा कुल 9,39,11,900/– की लागत पर पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है।
2. क्या यह बात सही है मरीजों को भवन निर्माणाधीन रहने के कारण चिकित्सा हेतु काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है;		पूर्व से निर्मित सदर अस्पताल भवन के माध्यम से चिकित्सा सेवा दी जा रही है। वर्तमान में सदर अस्पताल, चतरा में 12 चिकित्सा पदाधिकारी, 16 परामेडिकल कर्मियों (नियमित 06 एवं अनुबंध 10) पारामेडिकल कर्मी कार्यरत हैं। जिसके माध्यम से चिकित्सा सुविधा दी जा रही है। चतरा जिला अन्तर्गत सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। जनवरी 2018 से दिसम्बर 2018 तक ओ0पी0डी0 में कुल मरीजों की संख्या 60970, आपातकालीन मरीजों की कुल सं0 26047 एवं भर्ती मरीजों की संख्या 5354 है,
3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार सदर अस्पताल के भवन का पूर्ण निर्माण वर्ष–2019 में कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों ?		प्रश्नाधीन योजना का निर्माण कार्य झारखण्ड राज्य भवन निर्माण निगम लि0, राँची द्वारा कराया जा रहा है। सदर अस्पताल का निर्माण कार्य दिसम्बर 2019 तक पूर्ण करा दिया जाएगा।

झारखण्ड सरकार
स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग।

ज्ञापांक–6/पी0वि0स0 (ता0)– 18/19–179 स्वा0, राँची, दिनांकः 30.1.19

प्रतिलिपिः अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा, राँची को उनके ज्ञाप सं0 प्र0– 652/वि0स0, दिनांक– 20.01.2019 के क्रम में 200 (दो सौ) अतिरिक्त प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30/01/19
सरकार के अवर सचिव।

670

श्री सुखदेव भगत, मा0 स0 वि0 स0 द्वारा दिनांक 08.02.2019 को पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न संख्या सं0– 43 का उत्तर सामग्री।

क्र0सं0	प्रश्न	उत्तर
1.	क्या यह बात सही है कि लोहरदगा अस्पताल को सदर अस्पताल का दर्जा प्राप्त है ;	स्वीकारात्मक।
2.	क्या यह बात सही है कि वर्तमान में लोहरदगा सदर में मात्र 4 डॉक्टर पदस्थापित है जबकि नियमानुसार 30 डॉक्टरों की पोस्टिंग होनी चाहिए ;	आंशिक स्वाकारात्मक। वर्तमान में सदर अस्पताल, लोहरदगा में 9 चिकित्सक पदस्थापित है एवं 3 चिकित्सक भी प्रतिनियुक्त है। चिकित्सकों के उलब्धता के आधार पर रिक्त पदों पर पदस्थापन किया जायेगा।
3.	क्या यह बात सही है कि डॉकटरों की कमी के कारण मरीजों को ईलाज करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ;	वर्तमान में उपलब्ध चिकित्सकों के द्वारा मरीजों का ईलाज किया जा रहा है।
4.	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार लोहरदगा सदर अस्पताल में डॉक्टरों की कमी को दूर करना चाहती है, हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	उपर्युक्त खण्डों में स्थिति स्पष्ट कर दी गई है।

झारखण्ड सरकार

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग

ज्ञाप सं0– 3/वि0स0–03–13/2019 122(3) राँची, दिनांकः 28.1.2019

प्रतिलिपिः अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा, झारखण्ड, राँची को उनके ज्ञाप सं0 648/वि0स0 दिनांक 20.01.2019 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28.1.19

सरकार के उप सचिव

(671)

श्री बादल, माननीय स0वि0स0 द्वारा दिनांक–08.02.2019 को पूछा जानेवाले तारांकित प्रश्न संख्या–का0–21 का उत्तर प्रतिवेदनः–

क्र0	प्रश्न		उत्तर
	श्री बादल, माननीय स0वि0स0		माननीय मंत्री, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड, राँची
1.	क्या यह बात सही है कि राज्य में उपायुक्त के अधीन कार्यरत कर्मियों का स्थानान्तरण/पदस्थापन में बोर्ड प्रकीण नियमावली, 1958 की सुसंगत नियमों का पालन करना है;		स्वीकारात्मक।
2.	क्या यह बात सही है कि राँची जिलान्तर्गत उपायुक्त/अनुमंडल कार्यालय में 8–10 लिपिक/प्रधान लिपिक विगत 8–10 वर्षों से योगदान की तिथि अथवा अन्तर जिला स्थानान्तरण के फलस्वरूप जिला मुख्यालय में कार्यरत है एवं इनका स्थानांतरण अब तक एक बार भी ग्रामीण क्षेत्र के प्रखण्ड/अंचल कार्यालय में नहीं हुआ है;		राँची समाहरणालय में स्वीकृत बल के अनुकुल कार्यरत बल उपलब्ध नहीं रहने के स्थिति में वरीयतम, कार्य में दक्षता एवं अनुभवी लिपिक एवं प्रधान लिपिकों को जिला मुख्यालय के विभिन्न शाखाओं में एवं अनुमंडल स्तर पर कार्यहित एवं लोकहित में आवश्यकता के अनुरूप पदस्थापित किया गया है एवं सेवा ली जा रही है। बोर्ड प्रकीर्ण नियमावली 1958 के नियम 181 के तहत गठित जिला स्थापना समिति द्वारा लिपिक संवर्ग के कर्मियों का स्थानांतरण एवं पदस्थापन का निर्णय क्षेत्रीय कार्यालय यथा प्रखण्ड एवं अंचल में स्वीकृत बल के विरूद्ध उपलब्ध कार्यरत बल में से लिपिकों के कार्य अनुभव, दक्षता एवं वरीयता को दृष्टिपथ में रखते हुए लिया जाता है।
3.	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त कर्मियों का स्थानांतरण खण्ड (1) में वर्णित नियमावली के तहत् जिला मुख्यालय से अन्यत्र क्षेत्रीय कार्यालय में स्थानांतरण का का विचार रखती है, हाँ, तो कब तक, नहीं, तो क्यों ?		कंडिका–2 में स्थिति स्पष्ट कर दी गई है।

झारखण्ड सरकार
राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग

ज्ञापांकः–3/अ0क्षे0स्था0 (तारां0)–07/2019.....434.....(3)/रा0 राँची, दिनांक– 31-01-19

प्रतिलिपिः–उप सचिव, झारखण्ड विधानसभा सचिवालय को उनके ज्ञापांक–700/वि0स0, दिनांक–21.01.19 के प्रसंग में उत्तर की 200 (दो सौ) प्रतियों के साथ/प्रधान सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, झारखण्ड, राँची/प्रधान सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, झारखण्ड, राँची/माननीय विभागीय मंत्री, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के आप्त सचिव एवं विभागीय प्रशाखा–12 (समन्वय) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

31/1/19

सरकार के संयुक्त सचिव

